NYC HEALTH+ HOSPITALS

# सभी के लिए टीकाकरण

## COVID-19 बूस्टर टीके

### अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

COVID-19 बूस्टरों की सिफारिश 5 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए की जाती है जिन्होंने अपनी प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला पूरी की है (5-11 वर्ष की आयु के लोग जिन्हें अपनी प्राथमिक श्रृंखला में Moderna लगा हुआ है, वे अभी तक बूस्टर के लिए पात्र नहीं हैं)। 5 से 11 वर्ष की आयु के पात्र बच्चों को मूल Pfizer मोनोवैलेंट बूस्टर लगना चाहिए। 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को अद्यतन बाईवैलेंट बूस्टर लगना चाहिए।

**बूस्टर टीका क्या है?**

बूस्टर टीका प्राथमिक टीकाकरण श्रृंखला को पूरा करने के बाद दिए जाने वाले टीके की अतिरिक्त खुराक है और वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा बढ़ाने में इसका उपयोग किया जाता है क्योंकि समय के साथ सुरक्षा कम हो सकती है (इसे घटती प्रतिरक्षा कहा जाता है)।

**बूस्टर शॉट किसे लग सकता है?**

5 से 11 वर्ष के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्राथमिक Pfizer टीकाकरण श्रृंखला की दूसरी खुराक लगने के कम से कम पांच महीने बाद मूल मोनोवैलेंट बूस्टर की एक खुराक लगनी चाहिए। इस समय, जिन लोगों को उनकी प्राथमिक श्रृंखला में Moderna लगा है, वे अभी तक बूस्टर के लिए पात्र नहीं हैं।

12 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए, अद्यतन बाईवैलेंट बूस्टर ही एकमात्र अधिकृत बूस्टर है। 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को अब मूल मोनोवैलेंट बूस्टर नहीं लग सकता।

12 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को उनकी प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला या अंतिम बूस्टर के कम से कम दो महीने बाद अद्यतन बाईवैलेंट बूस्टर की एक खुराक लगनी चाहिए।

Pfizer-BioNTech का अद्यतन किया गया बाईवैलेंट बूस्टर 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए अधिकृत है; Moderna का अद्यतन किया गया बाईवैलेंट बूस्टर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए अधिकृत है।

**अद्यतन किया गया बाईवैलेंट बूस्टर मूल मोनोवैलेंट बूस्टर से कैसे भिन्न है?**

नया बूस्टर एक "बाईवैलेंट" टीका है, जिसका अर्थ है कि यह एक नया सूत्रीकरण है जिसमें मूल टीके और नए टीके का संयोजन शामिल है जो ओमाइक्रोन और उसके उपप्रकारों BA.4 और BA.5 को भी लक्ष्य बनाता है। इसलिए यह "अद्यतन" है।

**बूस्टर शॉट की सिफारिश क्यों की जाती है?**

COVID-19 टीके अभी भी COVID-19 के कारण होने वाली गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने में बहुत प्रभावी हैं। तथापि, अध्ययनों से पता चलता है कि COVID-19 टीकों से संक्रमण के खिलाफ होने वाली सुरक्षा समय के साथ कम होने लगती है। बूस्टर शॉट उन लोगों को उनकी प्रतिरक्षा को 'बढ़ा' कर अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान कर सकता है जिन्हें COVID-19 के बढ़ते जोखिम या गंभीर COVID-19 बीमारी का खतरा है।

**कौनसी चिकित्सीय स्थितियां गंभीर COVID-19 बीमारी का जोखिम बढ़ाती हैं?**

गंभीर COVID-19 के जोखिम को बढ़ाने वाली चिकित्सीय स्थितियों में मधुमेह, हृदय की बीमारियाँ (उच्च रक्तचाप सहित), गुर्दे की पुरानी बीमारी, फेफड़ों की पुरानी बीमारी, यकृत रोग, कैंसर, मनोभ्रंश, HIV और गर्भावस्था शामिल हैं। पूरी सूची के लिए देखें: cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/need-extra-precautions/people-with-medical-conditions.html

जारी है ▶

## अपने कार्यस्थल या किसी अन्य सेटिंग में COVID-19 के संपर्क में आने का जोखिम किसे अधिक है?

वो नौकरियाँ जो COVID-19 के संपर्क में आने का जोखिम बढ़ा सकती हैं, उनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी, शिक्षक, डे केयर कर्मचारी वर्ग और रेस्तरां और किराने की दुकान के कर्मचारी शामिल हैं। अन्य सेटिंग्स जहाँ संपर्क में आने का जोखिम अधिक है, उनमें बेघरों के लिए आश्रय और जेल शामिल हैं।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे बूस्टर टीके की आवश्यकता है या नहीं?

यदि आपके मन में यह प्रश्न है कि आपको बूस्टर टीका लगवाना चाहिए या नहीं तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। यदि आपको प्रदाता खोजने में सहायता की आवश्यकता है, तो 311 या 212-COVID-19 (212-268-4319) पर कॉल करें और नर्स से बात करके पता लगाएँ कि आप पात्र हैं या नहीं।

## क्या गर्भवती, स्तनपान कराने वाले या गर्भवती होने की कोशिश करने वाले लोगों को बूस्टर लग सकता है?

COVID-19 के कारण गंभीर बीमार होने का जोखिम गर्भवती और हाल ही में गर्भवती रह चुके लोगों को गर्भवती नहीं हुए लोगों की तुलना में अधिक होता है। गर्भवती लोगों को COVID-19 का टीका लगाया जाना चाहिए। यदि गर्भवती लोग पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं, तो उन्हें बूस्टर लगवाना चाहिए।

## बूस्टर टीका लगवाने के जोखिम क्या हैं?

बूस्टर टीक लगवाने के लाभ किसी भी जोखिम से अधिक हैं। अब तक, बूस्टर टीका लगवाने के बाद सूचित की गई प्रतिक्रियाएँ टीकों की प्रारंभिक खुराकों के बाद प्राप्त होने वाली प्रतिक्रियाओं के समान थीं। थकावट और बांह में पीड़ा सबसे अधिक सूचित किए गए दुष्प्रभाव थे। अधिकांश दुष्प्रभाव हल्के से मध्यम स्तर वाले थे और अपने आप ठीक हो जाते हैं।

## क्या मेरे बूस्टर टीके का ब्रांड मुझे पहले लग चुके टीके के ब्रांड का ही होना चाहिए?

हो सकता है कि टीका लगाए गए लोगों को वही टीका लगे जो उन्हें शुरू में उनकी प्राथमिक टीकाकारण श्रृंखला में या बूस्टर के पहले लगा था या वे अन्य दो प्रकारों के टीकों में से किसी भी एक को चुन सकते हैं।

## यदि हमें बूस्टर टीके की आवश्यकता है, तो क्या इसका यह मतलब है कि टीके अब काम नहीं कर रहे हैं?

नहीं। COVID-19 टीके गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की रोकथाम में अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। तथापि, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को, विशेषकर कुछ अत्यधिक जोखिम वाली आबादियों के बीच, समय के साथ सुरक्षा में हल्की कमी आती हुई दिखाई देने लगी है।

## मुझे मुफ्त बूस्टर टीका कहाँ लग सकता है?

Pfizer के अद्यतन बूस्टर टीके NYC Health + Hospitals प्रणाली के 11 अस्पतालों में उपलब्ध हैं। Moderna के अद्यतन बूस्टर टीके किसी भी NYC Health + Hospitals/Gotham Health साईट पर उपलब्ध हैं। आपको उसी स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है जहाँ आपको अपनी प्राथमिक टीका श्रृंखला या बूस्टर से पहले टीका लगा था। चुनिंदा स्थानों पर वॉक इन अपॉइंटमेंट्स भी उपलब्ध हैं। अनेक भाषाओं में सहायता पाने के लिए 1-877-829-4692 पर कॉल करें।

## क्या मुझे अन्य टीके (जैसे फ्लू टीका) लगाए जाने के समय ही बूस्टर टीका भी लग सकता है?

हाँ। अन्य टीके लगाए जाने के समय, या उनसे पहले या बाद में कभी भी, बूस्टर टीका लगवाना सुरक्षित है। यदि आपको अभी तक आपका फ्लू का टीका नहीं लगा है, तो NYC Health + Hospitals एक्यूट केयर अस्पताल के स्थानों पर दोनों ही उपलब्ध होंगे।

## क्या मुझे पूरी तरह से टीकाकृत होने के लिए बूस्टर टीके की आवश्यकता है?

नहीं। दो-खुराक वाले टीके (जैसे Pfizer या Moderna) की दूसरी खुराक के दो सप्ताह बाद या एकल-खुराक J&J टीके के दो सप्ताह बाद लोगों को पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है।

## क्या बूस्टर टीके अनिवार्य किए जाएँगे?

स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए न्यू यॉर्क राज्य टीकाकरण अधिदेश केवल पहली और दूसरी खुराक पर ही लागू होता है। अधिदेश में बूस्टर टीके शामिल नहीं हैं।

## क्या बच्चों के लिए बूस्टर टीकों की सिफारिश की जाती है?

इस समय, 5 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को बूस्टर टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है (5-11 वर्ष आयु के लोग जिन्हें उनकी प्राथमिक श्रृंखला में Moderna लगा था, वे अभी तक बूस्टर के लिए पात्र नहीं हैं)। 5-11 वर्ष आयु वर्ग के लोग, जिन्हें इससे पहले 5 महीने से अधिक समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer मोनोवैलेंट बूस्टर टीके के लिए पात्र हैं। 12 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चे अद्यतन बाईवैलेंट Pfizer बूस्टर के लिए पात्र हैं और 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोग अपनी प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला या अंतिम बूस्टर के दो महीने बाद अद्यतन बाईवैलेंट बूस्टर के लिए पात्र हैं।



NYC HEALTH+ HOSPITALS
Hindi 09/22